(b) Yes, Sir. Government of Tamil Nadu have been requested to suggest a suitable name for appointment as 'Returning Officer'.

(c) Clause (2) of section 7 of the Indian Medical Council Act, 1956, provides that 'a member shall hold office for a term of five years from the date of his nomination or election or until his successor shall have been duly elected or nominated, whichever is longer'. As the provisions of the Indian Medical Council Act, 1956, provides that a member can continue to be the member of the Council until his successor is elected/nominated, the vacancy cannot be said to have arisen on the expiry of the term of a member. However, the concerned State Governments are requested to initiate necessary action to fill up the vacancy as early as possible, as and when the term expires.

**बांसवाड़ा-डूंगरपुर जनजातीय क्षेत्रों में रेल लाइनें**

1433. श्री हीरा भाई : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बांसवाड़ा-डूंगरपुर जनजातीय क्षेत्रों में रेल लाइन बिछाने के लिये सर्वेक्षण किया जा चुका है;

(ख) यदि हां, तो यह कब किया गया था और वहां पर रेल लाइन का निर्माण कब तक किया जायेगा और रेल सेवा कब तक प्रारम्भ की जायेगी; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग). रतलाम और बांसवाड़ा के बीच बड़े आमान की रेल लाइन के निर्माण के लिए तथा उसे डूंगरपुर तक बढ़ाने के लिए भी 1977 में प्रारंभिक इंजीनियरी तथा यातायात सर्वेक्षण किये गये थे। यह परियोजना वित्तीय दृष्टि से अर्थक्षम नहीं पायी गयी थी। वित्तीय संसाधनों की कठिनाई और अनुपलब्धता तथा अर्थक्षम न होने के कारण, इस लाइन का निर्माण हाथ में नहीं लिया गया है।

**श्रमिकों को विदेशों में भेजने की पद्धतियों को सुधारना**

1434. श्री भारत सिंह चौहान :

श्री यादवेन्द्र दत्त :

श्री श्यामलाल धुर्वे :

क्या संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या श्रमिकों को विदेशों में भेजने की वर्तमान पद्धति दोषपूर्ण है और उससे भ्रष्टाचार को प्रोत्साहन मिलता है ; और

(ख) यदि हां, तो उसमें सुधार लाने के लिये भूतकाल में किये गये प्रयासों का ब्यौरा क्या है और उसके क्या परिणाम निकले ?

संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा) : (क) वर्तमान प्रक्रिया भ्रष्ट भर्ती अभिकरणों के हाथों भारतीय श्रमिकों की शोषण संबंधी शिकायतों को ध्यान में रख कर अक्तूबर, 1976 में अपनाई गई थी। इस में विद्यमान त्रुटियों को दूर करने और इस में सुधार करने के उद्देश्य से इस की पुनरीक्षा की जा रही है।

(ख) सरकार ने अक्तूबर, 1976 में जो नियंत्रण उपाय रायज किये थे, उनका भ्रष्ट अभिकरणों और उनके विदेशी मालिकों द्वारा भारतीय श्रमिकों के शोषण की रोकथाम पर अच्छा प्रभाव पड़ा है। सरकार ने भारत में अभिकरणों और विदेश में उनके मालिकों द्वारा पालन किये जाने हेतु शर्तें निर्धारित की हैं। केवल ऐसी शर्तों पर ही श्रमिकों को नियुक्त कर के विदेश भेजने की अनुमति दी जाती है, जिन्हें कि सरकार उचित समझती है। समुद्रपार रोजगार संबंधी जिस समिति ने समुद्रपार रोजगार के प्रश्न की जांच की थी, हाल ही में उस ने इस काम के पुनर्गठन के लिए सुझाव दिये हैं। सरकार इस समिति की सिफारिशों पर विचार कर रही है।

**गुट-निरपेक्ष देशों के ब्यूरो की बैठक**

1435. श्री यमुना प्रसाद शास्त्री :

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने दक्षिण अफ्रीका से रंग भेद समाप्त करने और जिम्बाब्वे से अल्पसंख्यक श्वेत शासन को समाप्त करने एवं नामिबिया में स्वतन्त्र तथा निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये जनवरी, 1979 के अन्तिम सप्ताह में मोजाम्बीक में गुटनिरपेक्ष देशों के ब्यूरो की बैठक में किस प्रकार की सहायता देने का आश्वासन दिया ; और